नशा तस्करों की 73.64 करोड़ की संपत्ति पर राजस्थान पुलिस ने शिकंजा कसा

तस्करों के मकान-दुकान, कृषि भूमि, भूखंड और वाहनों को कार्रवाई के दायरे में लिया पुलिस ने

राजस्थान पुलिस ने शनिवार को प्रदेश में नशा तस्करों और माफियाओं के घर और अन्य संपत्तियों पर कुर्की व सीज की कार्रवाई को अंजाम दिया। फोटो-राष्ट्रदूत

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। नशा तस्करों की आर्थिक रीढ़ तोड़ने के लिए राजस्थान पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एनडीपीएस एक्ट की धारा 68-एफ के तहत प्रदेश में नशे की अवैध कमाई से अर्जित 73.64 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्तियों को कुर्क, फ्रीज और सीज किया है। कार्रवाई के तहत 38 मामलों में सक्षम प्राधिकारी से अंतिम कुर्की-जब्ती के आदेश स्वीकृत हो चुके हैं, जबकि 25 मामलों में कानूनी प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि नशे के काले कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए तस्करों के वित्तीय नेटवर्क पर प्रहार करना पुलिस की प्राथमिकता है। नशीली दवाओं की कमाई से खड़ी की गई संपत्तियों को चिह्नित कर उन्हें जब्त करने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

> ■ डीजीपी ने कहा ''नशे के काले कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए तस्करों के वित्तीय नेटवर्क पर प्रहार करना प्राथमिकता है। नशीली दवाओं की कमाई से खड़ी की गई संपत्तियों को चिह्नित कर उन्हें जब्त करने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।''

एएनटीएफ आईजी विकास कुमार ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में आदतन और कुख्यात नशा तस्करों के खिलाफ 63 इस्तगासे तैयार कर सक्षम प्राधिकारी को भेजे गए थे। इनमें से 38 मामलों में कुर्की और जब्ती के अंतिम आदेश जारी हो चुके हैं, जबकि 25 मामलों में विधिक प्रक्रिया चल रही है। पुलिस ने तस्करों के मकान, निर्माणाधीन दुकान, कृषि भूमि, आवासीय भूखंड, कार, पिकअप, ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल सहित विभिन्न संपत्तियों को कार्रवाई के दायरे में लिया है।

चित्तौड़गढ़ में 68-एफ के तहत 20.35 करोड़ रुपए की संपत्तियां सीज की गईं। इनमें गंगरार निवासी राहुल बंजारा की 18.79 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति शामिल है। इसके अलावा कमलेश गुर्जर, बालकिशन धाकड़, रामेश्वर लाल अहीर, मोहम्मद उस्मान, रतनलाल जाट और सुरेशचंद्र जाट की संपत्तियों की कुर्की भी स्वीकृत हुई है।

बारां में राजाराम मीणा व रामगोपाल की 5.83 करोड़, दिनेश मीणा व सुरेंद्र की 5.83 करोड़, किशोर कुमार की 5.82 करोड़, बीरमचंद की 60.26 लाख तथा विशाल सांसी व बल्लू सांसी की 40.30 लाख रुपए की संपत्तियों के संबंध में कुर्की व जब्ती की कार्रवाई स्वीकृत हुई है।

झालावाड़ में 9 आरोपियों की कुल 12.65 करोड़ रुपए की संपत्तियों की जब्ती स्वीकृत हुई है। इनमें बबलू तंवर की 5.59 करोड़, नरेंद्र सिंह की 1.81 करोड़, मोहनलाल तंवर की 1.13 करोड़ और सुगनचंद तंवर की 1.02 करोड़ रुपए की संपत्ति प्रमुख है। इसके अलावा गनी मोहम्मद, पांचूलाल मीणा, दिनेश सिंह, प्रभूलाल तंवर और रामलाल तंवर की संपत्तियां भी कार्रवाई के दायरे में हैं।

प्रतापगढ़ में स्वीकृत मामलों में 8.24 करोड़ रुपए की संपत्तियों पर कार्रवाई हुई है। इनमें शाहजेब उर्फ बल्ला का नवनिर्मित मकान, पोल्ट्री फार्म और वाहन सहित 2.10 करोड़ रुपए की संपत्ति, भुरालाल लबाना की 1.65 करोड़, शेफुल्ला शेख की 1.55 करोड़ सहित अन्य आरोपियों की संपत्तियां शामिल हैं।

नागौर में भोपालराम विश्नोई के दो मकान, दुकान और वाहनों सहित 1.14 करोड़ रुपए की संपत्ति की कुर्की स्वीकृत हुई। जोधपुर ग्रामीण में अनिल विश्नोई की 26 बीघा जमीन और दो वाहनों की करीब 1.10 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त करने की मंजूरी मिली। हनुमानगढ़ में स्वराज उर्फ शिवराज की 81.61 लाख रुपए की संपत्ति सीज की गई।

जालौर में धोलाराम उर्फ धरिंद्र कुमार और राकेश कुमार विश्नोई की कुल 50.82 लाख रुपए, उदयपुर में विपिन गिरी गोस्वामी की 26 लाख, भीलवाड़ा में लाभचंद उर्फ लाभू धाकड़ की 50 लाख रुपए की भूमि व ट्रैक्टर तथा जोधपुर पूर्व में रमेश विश्नोई की 15 लाख रुपए की स्कॉर्पियो की कुर्की स्वीकृत हुई है।

आईजी विकास कुमार ने बताया कि एएनटीएफ विशेष अभियान चलाकर नशा तस्करों की पूरी कुंडली खंगाल रही है। तस्करों की सूची तैयार कर संबंधित जिला पुलिस अधीक्षकों को कार्रवाई के निर्देश दिए जा रहे हैं। व्यापारिक प्रकृति के मामलों में भी प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। प्रत्येक जिले के एसपी कार्यालय में नशे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए विशेष शाखा गठित करने की प्रक्रिया भी चल रही है।

डीजीपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाए। उन्होंने आमजन से भी आसपास होने वाले नशे के अवैध कारोबार की सूचना पुलिस को देने की अपील की।

गणेश मंदिरों में आज सिंजारे की धूम

जयपुर। गणेश चतुर्थी को लेकर राजधानी के प्रमुख गणेश मंदिरों में धार्मिक आयोजनों की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 13 से 15 सितंबर तक मंदिरों में सिंजारा, विशेष शृंगार, अभिषेक, हवन, भोग, भजन-कीर्तन और शोभायात्राओं का आयोजन होगा। मोतीडूंगरी में 3500 किलो सोजत की मेहंदी से सिंजारा होगा, परकोटा गणेश मंदिर में 21 हजार लड्डुओं की झांकी सजाई गई। वहीं गढ़ गणेश में गणेश चतुर्थी पर साल में एक बार होने वाले बाल स्वरूप के दर्शन होंगे।

मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में 13 सितंबर को मेहंदी पूजन व सिंजारा महोत्सव होगा। भगवान को करीब 3500 किलो सोजत की मेहंदी अर्पित की जाएगी। रात 7.30 बजे पांच स्थानों से मेहंदी प्रसाद बांटा जाएगा। महिलाओं और कन्याओं के लिए अलग व्यवस्था रहेगी। गणेशजी को विशेष पोशाक, स्वर्ण मुकुट और नौलखा हार पहनाया जाएगा। मोती, सोना, पन्ना और माणक से सजे हार को महंत परिवार ने तीन माह में तैयार किया है। 14 सितंबर को सुबह 5 से रात 11.40 बजे तक दर्शन होंगे।

ब्रह्मपुरी माउंट रोड स्थित दाहिनी सूंड दक्षिणमुखी श्री नहर के गणेशजी मंदिर में 13 सितंबर को शाम 5 बजे सिंजारा होगा। गणपति को हाथ से बनी लहरिया पोशाक व साफा पहनाकर असंख्य मोदकों की झांकी सजाई जाएगी। 5.30 बजे से नवीन चौले का सिंदूर और सिंजारे की मेहंदी बांटी जाएगी। प्रेम भाया मंडल भजन प्रस्तुत करेगा। 14 सितंबर को सुबह 5 बजे मंगला आरती और 15 सितंबर को ऋषि पंचमी का आयोजन होगा।

राजस्थान में अगले 3-4 दिन दक्षिणी हिस्सों में बारिश का जोर

जयपुर। राजस्थान में मानसून सक्रिय रहने से शनिवार को जयपुर सहित कई जिलों में बारिश हुई। अजमेर, भीलवाड़ा, सीकर, कोटा, दौसा और माउंट आबू सहित कई स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई। बारिश के बावजूद उमस और गर्मी से आमजन परेशान रहे।

> ■ मौसम विभाग का कहना है कि दक्षिणी छत्तीसगढ़ और आसपास के क्षेत्र में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके आगामी दिनों में पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है।

मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान जताया है।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि शनिवार को दक्षिणी छत्तीसगढ़ और आसपास के क्षेत्र में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके आगामी दिनों में पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है। मानसून ट्रफ लाइन भी शनिवार को जैसलमेर, कोटा और कम दबाव के क्षेत्र से होकर गुजर रही है। उन्होंने बताया कि शनिवार को उदयपुर और कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में मध्यम से कहीं-कहीं तेज बारिश होने की संभावना है। वहीं जयपुर, भरतपुर, अजमेर और जोधपुर संभाग में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम तंत्र का असर अगले तीन-चार दिनों तक दक्षिणी राजस्थान में सबसे अधिक रहने की संभावना है। 12 से 15 सितंबर के दौरान उदयपुर संभाग और आसपास के जिलों में कहीं-कहीं मध्यम से भारी बारिश हो सकती है।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम इन्दु बाला से बदलकर इन्दु बाला शर्मा धर्मपत्नी श्री हेमन्त कुमार शर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। पताः 340, केडिया की कोठी, सिरसी रोड, जयपुर

मैं, प्रियंका शर्मा पत्नी श्री आनंद निवासी193/297सेक्टर-19 प्रताप नगरसांगानेर जयपुर घोषित करती हु की मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में कबीर आनंद शर्मा अंकित है जो गलत है सही नाम कबीर शर्मा है। भविष्य में उसे इसी नाम से जाना जाए।

I have changed my name from Chatan Dass S/o Notan Das Khatri to Chetan Das Khatri S/o Notan Das Khatri. For all future purposes. Address: Plot no. 5, Jai Jawan-3, JLN Marg, Jaipur.

खोया पाया

मेरे मकान 111/77 मानसरोवर का Attotment Cum Possesion Letter, Possesion Handing over/ Taken Over, No Dues Certificate, Office Order Of RHB Letter पटेल मार्ग मानसरोवर मे खो गए हैं मिलने पर सूचित करे- 9460867067

मेरे आवास संख्या 31/60/10 के मूल आवंटी श्री छाजूराम मीणा द्वारा श्री अमरचंद मीणा को बेचान संबंधी मूल इकरारनामा, मुखत्यारनामा एंव वसीयतनामा मानसरोवर में कहीं गिर गये हैं, मिलने पर सूचित करें। सुनील विजय, मोबाइल- 8963805454

इत्तलानामा वास्ते जाहिर करने वजह न जारी होने डिग्री के (आदेश 21 नियम 22 सीपीसी)

न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम 07 जयपुर महानगर 2

मैसर्स रावलवासिया स्टील प्लांट प्राइवेट लिमिटेड बनाम मैसर्स पी. एस. इंडस्ट्रीज डिक्री बाबत Execution of Award वाद संख्या Execution 366/2025

बनाम

मैसर्स पी.एस. इंडस्ट्रीज जरिय प्रोपराइटर प्रकाश शर्मा निवासी 2 फ्लोर ऑफिस नंबर 207-बी, सेंट्रल टॉवर, सेंट्रल स्पाइन, विद्याधर नगर, जयपुर, दूसरा पता हॉउस नंबर 3403, निंदर राव जी का रास्ता, 2 गली, चांदपोल, जयपुर. तीसरा पता 520, अलंकार प्लाजा, विद्याधर नगर, जयपुर. चूँकि. ने डिक्री अदालत व मुकदमे न. मवर्खे .. सन 20..... की इजराये के लिए दरख्वास्त पेश की है इसलिए आपको इत्तला दी जाती है कि आप इस अदालत में. वार 17 तारीख क वास्ते आपके खिलाफ इजाजत किये जाने डिग्री रखते हो तो पेश करो माह 20.2..... को हाजिर होकर अगर कोई उजर

आज व तारीख .... 10 माह 8 सन 2026 व शब्द मेरे दस्तखत मुहर अदालत के जारी किया गया

मोहर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम संख्या-7, जयपुर महानगर द्वितीय

नम्बर मिलाइए 8890333139

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

पत्नी व 3 बेटियों के हत्यारे राहुल की तलाश में जुटी पुलिस की 12 टीमें

करधनी क्षेत्र में पत्थर से सिर फोड़कर परिवारजनों की हत्या का मामला

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। करधनी थाना क्षेत्र में पत्नी और तीन बेटियों की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस की जांच अब आरोपी राहुल कुमार झा के गुजरात कनेक्शन पर टिक गई है। जांच में सामने आया है कि राहुल 6 सितंबर को गुजरात गया था और करीब तीन दिन वहां रहने के बाद 9 सितंबर को जयपुर लौटा। इसके अगले ही दिन उसने कथित तौर पर पत्नी गीता देवी और तीन बेटियों की हत्या कर दी। पुलिस ने घर से राहुल का मोबाइल बरामद कर लिया है। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि गुजरात में वह किन लोगों से मिला और वहां जाने की वजह क्या थी।

पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने आरोपी की तलाश के लिए एसीपी शिव भारद्वाज और थानाधिकारी सवाई सिंह के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक टीमें गठित की हैं। टीमें घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के साथ संदिग्धों से पूछताछ कर रही हैं। हालांकि, अभी तक राहुल का कोई सुराग नहीं मिला है।

गौरतलब है कि शुक्रवार को करधनी क्षेत्र स्थित घर में अलग-अलग कमरों से गीता देवी (40) और उनकी बेटियों नंदिनी (22), राधिका (17) और गिरिशा उर्फ गौरी (14) के शव मिले थे। सुबह करीब नौ बजे तक बहू और पोतियों के नहीं उठने पर बुजुर्ग लक्ष्मीनाथ उन्हें देखने पहुंचे। घर के अलग-अलग कमरों में चारों के शव खून से लथपथ मिले। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस को दूसरी मंजिल पर बने पति-पत्नी के कमरे में संघर्ष के निशान मिले हैं। गीता के गुजरात में रहने वाले पीहर पक्ष से रात करीब डेढ़ बजे मोबाइल पर आखिरी बार बातचीत हुई थी। पुलिस को आशंका है कि इसी दौरान राहुल और गीता के बीच कहासुनी हुई, जो बाद में विवाद में बदल गई।

> ■ पुलिस मृतका के पति राहुल के गुजरात कनेक्शन को खंगालने में जुटी है, बताया जा रहा है कि वह 3 दिन गुजरात रहकर आया है और वहां से लौटते ही हत्या कर दी

प्रारंभिक जांच के अनुसार राहुल ने सीमेंट की भारी ईंट से पत्नी गीता के सिर पर वार कर उसकी हत्या की। इसके बाद घर में सो रही तीनों बेटियों पर भी उसी तरह हमला किया। पुलिस के अनुसार वारदात में करीब 10 किलो वजनी सीमेंट की ईंट का इस्तेमाल किया गया।

मौके की स्थिति से पुलिस को राहुल और गीता के बीच संघर्ष की आशंका है। गीता के हाथ में कुछ बाल मिले हैं, जिन्हें पुलिस राहुल के बाल होने की संभावना के आधार पर जांच रही है। सबसे छोटी बेटी गौरी का शव ग्राउंड फ्लोर के एक कमरे में बेड पर मिला, जबकि दूसरे कमरे में नंदिनी और राधिका के शव मिले। एक बेटी सोफे पर सो रही थी। भारी वस्तु के वार से वह नीचे गिर गई और सोफा भी टूट गया। इसके बाद उसके सिर पर भी वार किया गया।

जांच में यह भी सामने आया है कि राहुल को शेयर बाजार में घाटा हुआ था। इसके बाद वह पत्नी के नाम दर्ज प्लॉट बेचना चाहता था, लेकिन गीता ने इसका विरोध किया था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच पहले भी विवाद होने की जानकारी पुलिस को मिली है। पुलिस अब इस विवाद और गुजरात जाने के बीच संबंध की भी पड़ताल कर रही है। राहुल के गुजरात जाने और वहां तीन दिन रुकने को पुलिस जांच का अहम बिंदु मान रही है। मोबाइल बरामद होने के बाद पुलिस उसके संपर्क में रहे लोगों और गुजरात में उसकी गतिविधियों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि जयपुर लौटने के बाद उसने किन लोगों से संपर्क किया था। आरोपी की तलाश के साथ पुलिस हत्या के पीछे की पूरी वजह और संभावित मददगारों की भूमिका भी खंगाल रही है।

मुख्य सचिव ने राजेश्वर सिंह को दी बधाई

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शनिवार को राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह से भेंट कर प्रदेश में नगरीय निकाय चुनावों के स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन पर उन्हें बधाई दी। मुख्य सचिव ने निकाय चुनावों में अब तक का सर्वाधिक मतदान दर्ज होने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा सफल चुनाव संचालन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग के प्रयासों की सराहना की।

बप्पा के स्वागत में सजने लगे बाजार, मूर्तियों की मांग बढ़ी

जयपुर। गणेश चतुर्थी की आहट के साथ ही गुलाबी नगरी के बाजारों की रंगत बदलने लगी है। प्रमुख बाजारों और सड़कों के किनारे भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमाएं श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींच रही हैं। कहीं मूर्तिकार प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं तो कहीं लोग अपनी पसंद के बप्पा की प्रतिमा तलाशते नजर आ रहे हैं। गणेश चतुर्थी 14 सितंबर (सोमवार) को मनाई जाएगी। पर्व को लेकर घरों से लेकर गणेश उत्सव समितियों के पंडालों तक तैयारियां जोर पकड़ चुकी हैं।

शहर में जगह-जगह भगवान गणेश की छोटी से लेकर बड़ी प्रतिमाएं सजाई गई हैं। मूर्तिकारों ने अलग-अलग आकार, स्वरूप और शृंगार में प्रतिमाएं तैयार की हैं।

पारंपरिक पगड़ी और मुकुट से सजे बप्पा के साथ आकर्षक पोशाक और बहुरंगी शृंगार वाली प्रतिमाएं भी लोगों का ध्यान खींच रही हैं। सौम्य मुस्कान, आशीर्वाद मुद्रा और राजसी स्वरूप में तैयार गणेश प्रतिमाओं की विशेष मांग है। प्रतिमाओं पर की गई बारीक कलाकारी और आकर्षक रंगों का संयोजन इन्हें और मनमोहक बना रहा है। गणेश उत्सव का उत्साह घरों तक ही सीमित नहीं है। शहर की विभिन्न गणेश उत्सव समितियां भी पंडालों में बप्पा की स्थापना की तैयारियों में जुटी हैं। समितियों की ओर से बड़ी और आकर्षक प्रतिमाओं का चयन किया जा रहा है। वहीं घरों में गणेश स्थापना करने वाले श्रद्धालु अपनी सुविधा और स्थान के अनुसार छोटी व मध्यम आकार की प्रतिमाएं खरीद रहे हैं।

कई श्रद्धालु परिवार की परंपरा और अपनी पसंद के अनुसार विशेष स्वरूप वाली गणेश प्रतिमा तलाश रहे हैं। गणेश चतुर्थी को लेकर उत्साह का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कई मूर्तिकारों के पास मनपसंद प्रतिमाओं की अग्रिम बुकिंग पहले ही हो चुकी है। श्रद्धालु अपनी पसंद के आकार, स्वरूप और शृंगार के अनुसार प्रतिमाएं तैयार करवा रहे हैं। गणेश उत्सव समितियों ने भी पंडालों के लिए बड़ी प्रतिमाओं की बुकिंग कराई है। पर्व नजदीक आने के साथ बाजारों में खरीदारी की रफ्तार और बढ़ने की उम्मीद है।

साइबर अपराध पर शिकंजा कसने के लिए विशेष अभियान चलेगा

जयपुर। साइबर अपराध पर शिकंजा कसने के लिए राजस्थान पुलिस अक्टूबर में प्रदेशव्यापी विशेष अभियान चलाएगी। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने शनिवार को जयपुर कमिश्नरेट और जयपुर ग्रामीण जिले की साइबर अपराध समीक्षा बैठक में अधिकारियों को साइबर ठगों के नेटवर्क तक पहुंचकर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने साइबर अपराध को पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल करते हुए त्वरित अनुसंधान, तकनीकी संसाधनों के इस्तेमाल और पीड़ितों को जल्द राहत दिलाने पर जोर दिया। बैठक में जयपुर कमिश्नरेट के सभी पुलिस उपायुक्त, डीसीपी क्राइम, साइबर अपराध से जुड़े अधिकारी और थानाधिकारी, जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश, जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने अपने क्षेत्रों में साइबर अपराध की स्थिति, लंबित प्रकरणों और रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। डीजीपी ने कहा कि साइबर ठगी की शिकायत मिलते ही तकनीकी और वित्तीय ट्रेल का तत्काल विश्लेषण किया जाए। पुलिस की प्रतिक्रिया जितनी तेज होगी, पीड़ित की राशि वापस दिलाने और अपराधियों तक पहुंचने की संभावना उतनी ही अधिक होगी।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वर्गीय रघुवीर सिंह तंवर पुत्र श्री रिछपाल सिंह तंवर, निवासी- 14, कान्ति नगर, पोलोविक्ट्री, जयपुर का देहांत दिनांक 17.06.2026 को बमुकाम जयपुर हो चुका है। उनके पुत्र मेरे अभिभाष्यगण प्रताप सिंह तंवर एवं भानु प्रताप सिंह हैं। उनकी सम्पत्ति के संबंध में प्रताप सिंह एवं भानु प्रताप सिंह के अतिरिक्त यदि किसी व्यक्ति, संस्था अथवा अन्य किसी पक्ष का कोई अधिकार, स्वामित्व, हिस्सा, आपत्ति, ऋण, बंधक, विक्रय अथवा किसी भी प्रकार का हित / विवाद हो, तो वह इस आम सूचना के प्रकाशन की तारीख से 07 दिवस के भीतर अपने दावे/आपत्ति के समस्त प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त किसी किसी भी व्यक्ति की कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

(इमरान खान) एडवोकेट, मोबाइलः 9829691007

नाम परिवर्तन

मैं बबलू कुमार पुत्र श्री मोहन लाल जाटव जाति जाटव नि. ढिढोरा तह. सूरौठ जि. करौली राज. सशपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरे पुत्र आर्यन के विद्यालय रिकॉर्ड में मेरा नाम बबलू हो गया है जो कि अधूरा है इसलिए अब मैं मेरे पुत्र के विद्यालय रिकार्ड में बबलू कुमार करवाना चाहता हूं। मेरे पुत्र आर्यन के विद्यालय रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम भी सुन्द्रेश कर दिया है जो कि गलत है सही नाम सुन्द्रेश कुमारी जो की सही है। इसलिए सुन्द्रेश कुमारी किया जावें।

16 हजार मरीजों को 1.17 लाख निःशुल्क डायलिसिस सैशन की निःशुल्क सुविधा

सरकार ने मरीजों की इस सुविधा पर 21.11 करोड़ रुपए से अधिक राशि खर्च की

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में प्रदेश में किडनी रोगियों को निःशुल्क डायलिसिस सुविधा उपलब्ध कराने का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है। अब तक प्रदेश में 16003 मरीजों को 1.17 लाख डायलिसिस सैशन की निःशुल्क सुविधा दी जा चुकी है। इन सेवाओं के तहत उपलब्ध कराई गई उपचार सुविधा का अनुमानित मूल्य करीब 21.11 करोड़ है।

प्रधानमंत्री नेशनल डायलिसिस कार्यक्रम के तहत प्रदेश के 35 जिला चिकित्सालयों में 149 डायलिसिस मशीनें संचालित हैं। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में अप्रैल से अगस्त तक 4265 मरीजों को 31675 सैशन की सुविधा दी गई। इनमें 35 केंद्रों पर 3489 मरीजों के 25860 सेशन तथा बजट घोषणा के तहत चिन्हित चिकित्सा संस्थानों में 776 मरीजों के 5815 सैशन शामिल हैं।

> ■ सितंबर में 78 चिकित्सा संस्थानों में भी शुरू होगी सेवा

वित्तीय वर्ष 2025-26 में 11,738 मरीजों को 85583 डायलिसिस सैशन की सुविधा मिली। इनमें प्रधानमंत्री नेशनल डायलिसिस कार्यक्रम के 35 केंद्रों पर 8,507 मरीजों के 65,148 सेशन तथा बजट घोषणा के तहत चिन्हित संस्थानों में 3,198 मरीजों के 19,187 सेशन शामिल हैं। गायत्री राठौड़ ने बताया कि बजट घोषणा 2022-23 के तहत प्रदेश के 182 चिकित्सा संस्थानों में हीमोडायलिसिस सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जा रहा है। इनमें 102 संस्थानों में सुविधा शुरू हो चुकी है। शेष संस्थानों में चिकित्सकों एवं कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है और 30 सितंबर 2026 तक सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। सितंबर माह में 78 चिकित्सा संस्थानों में डायलिसिस सुविधा शुरू करने की तैयारी है। सरकारी व्यवस्था के साथ सीएसआर के माध्यम से भी निःशुल्क डायलिसिस सेवाएं दी जा रही हैं। जिला चिकित्सालय नदबई (भरतपुर) और उपजिला चिकित्सालय सिवाना (बालोतरा) में हंस फाउंडेशन, गुरुग्राम के सहयोग से सुविधा संचालित है। सिवाना में 3 मशीनों से 12 मरीजों के 575 सेशन तथा नदबई में 3 मशीनों से 21 मरीजों के 673 सेशन हो चुके हैं। गायत्री राठौड़ ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि डायलिसिस की जरूरत वाले मरीजों को उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़े।

कार्यालय पंचायत समिति गोविन्दगढ़, जयपुर

Email ID:bdo.jai.gov@gmail.com Phone No. 01423-230025

क्रमाकः-पंसगो / लेखा/ई-निविदा/2026/208 दिनांकः-11.09.2026

निविदा सूचना संख्या /2026-27

वित्तीय वर्ष 2026-27 में पंचायत समिति गोविन्दगढ़ व अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत कार्यों / सकंर्म हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत प्रतिष्ठानों / संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण www.eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।

ऑफलाईन निविदा (सफाई)-

NIB NO- PFA2627A0399, PFA2627A0400

UBN NO- PFA2627WSOB00396, PFA2627WSOB00397

विकास अधिकारी पं.सं. गोविन्दगढ (जयपुर)